ECONOMIC TIMES N. D.
21/12/2018

GST घटने के अनुमान पर 5% उछले टायर स्टॉक्स

नई दिल्ली: ऑटोमोबाइल टायर को 28 पर्सेंट टैक्स स्लैब से बाहर किए जाने की खबरों के बीच गुरुवार को टायर कंपनियों के शेयर में 5 पर्सेंट से ज्यादा उछाल देखने को मिला। सबसे ज्यादा तेजी जेके टायर के शेयरों में देखी गई। कंपनी के शेयर गुरुवार को बीएसई में 5.88 पर्सेंट चढ़कर 109 रुपये पर बंद हुए, जबकि इंट्रा-डे में यह 7.5 पर्सेंट की उछाल के साथ 110.70 रुपये पर पहुंच गया था। अपोलो टायर के शेयर 0.13 पर्सेंट चढ़कर 239.80 रुपये पर बंद हुए। टीवीएस श्रीचक्र के शेयर 1.56 पर्सेंट की तेजी से 2,580 रुपये पर बंद हुए। एमआरएफ के शेयर 0.6 पर्सेंट बढ़कर 69,200 पर बंद हुए और सीएट के शेयर 0.51 पर्सेंट चढ़कर 1,351 रुपये पर बंद हुए। पीएम मोदी ने मंगलवार को 99 पर्सेंट वस्तुओं को 18 पर्सेंट या उससे कम के जीएसटी स्लैब में लाने का ऐलान किया था। इसके साथ ही जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में टायर को 28 पर्सेंट के टैक्स स्लैब से बाहर किए जाने की उम्मीद की जा रही है।